# ट्रैक्टरों की लंबी कतारें : डीजल संकट से जूझ रहे किसान

**सिवनी नवभारत। इस समय पूरे देश में डीजल पेट्रोल को लेकर बड़ी परेशानियां सामने आ रही हैं जहां लोगों को पेट्रोल डीजल नहीं मिल पा रहा है जिसके चलते भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें पूरे जिले में भी संकट छाया हुआ है जिसमें जिले में संचालित पेट्रोल पंपों की संचालक परेशान है तो वही धारनाकला क्षेत्र में इन दिनों डीजल की समस्या किसानों के लिए बड़ी मुसीबत बनकर सामने आई है।**




एक समय था जब किसान अपने कृषि कार्यों के लिए बैलों पर निर्भर रहते थे। घरों में एक नहीं बल्कि कई बैल जोड़ियां और गायों का पालन-पोषण किया जाता था। खेतों की जुताई से लेकर खाद की व्यवस्था तक पशुधन के माध्यम से हो जाती थी। लेकिन समय के साथ खेती का स्वरूप बदलता गया और किसान आधुनिक कृषि यंत्रों, विशेष रूप से ट्रैक्टरों पर पूरी तरह निर्भर हो गए। इसके चलते पशुधन की संख्या लगातार घटती चली गई और आज अधिकांश किसानों के घरों में न तो बैल दिखाई देते हैं और न ही पर्याप्त संख्या में गायें। वर्तमान स्थिति यह है कि लगभग शत-प्रतिशत किसान खेतों की जुताई के लिए ट्रैक्टरों पर निर्भर हैं। ऐसे में डीजल की कमी ने खेती की रफ्तार थाम दी है। क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर ट्रैक्टरों की लंबी कतारें लगी हुई हैं और किसानों को सीमित मात्रा में मात्र एक हजार से पंद्रह सौ रुपये तक का ही डीजल दिया जा रहा है। कई किसानों का कहना है कि राशि जमा करने के बाद भी समय पर डीजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे खेतों की जुताई प्रभावित हो रही है।

### पेट्रोल पंप संचालक की मनमानी

प्रशासनिक निर्देशों के चलते पेट्रोल पंप संचालक खाली कुप्पियों में डीजल देने से मना कर रहे हैं। यदि किसी किसान के खेत में ट्रैक्टर का डीजल समाप्त हो जाए तो उसे ट्रैक्टर लेकर ही पेट्रोल पंप पहुंचना पड़ता है। किसानों का कहना है कि उन्हें यह भी बताया जा रहा है कि यदि कुप्पी में डीजल लेना है तो प्रमाणित कंटेनर का उपयोग करना होगा, जिसकी कीमत लगभग 1700 रुपये बताई जा रही है। ऐसी स्थिति में पहले से आर्थिक दबाव झेल रहे अन्नदाता किसानों के सामने अतिरिक्त परेशानी खड़ी हो गई है। ट्रैक्टर मालिक भी किसानों से पहले डीजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कर रहे हैं, उसके बाद ही खेतों की जुताई के लिए ट्रैक्टर भेजे जा रहे हैं। अभी तो जुताई का प्रारंभिक दौर है, लेकिन आने वाले दिनों में धान की रोपाई और कीचड़ मचाने जैसे कार्यों के दौरान ट्रैक्टरों की आवश्यकता और बढ़ेगी। यदि डीजल संकट इसी प्रकार बना रहा तो किसानों के सामने गंभीर कृषि संकट खड़ा हो सकता है।

### प्रशासन को इमरजेंसी सेवाओं के लिए रखनी चाहिए व्यवस्था

सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि जिस प्रकार किसान खेती के लिए डीजल के अभाव में परेशान हैं, उसी प्रकार यदि यह संकट बढ़ा तो एंबुलेंस, स्वास्थ्य सेवाओं, पुलिस विभाग और अन्य आपातकालीन सेवाओं पर भी इसका असर पड़ सकता है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पेट्रोल पंप संचालकों को इमरजेंसी सेवाओं के लिए पेट्रोल और डीजल का अलग कोटा सुरक्षित रखना चाहिए, ताकि संकट की स्थिति में आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। क्षेत्रवासियों और किसानों ने जिला कलेक्टर सिवनी तथा जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि डीजल की भारी कमी को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं। किसानों के लिए पर्याप्त डीजल उपलब्ध कराने के साथ-साथ आपातकालीन सेवाओं हेतु अलग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि खेती-किसानी और जनसेवा दोनों प्रभावित न हों। आखिरकार देश का अन्नदाता यदि समय पर खेती नहीं कर पाएगा तो इसका प्रभाव पूरे समाज पर पड़ेगा और अगर इमरजेंसी सेवाओं में यह नियम नहीं बनाया जाएगा तो निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में और भी समस्या देखने और सुनने को मिलेगी जिसको देखते हुए जिला प्रशासन अगर अभी से इसका पालन करने का आदेश पेट्रोल पंप की संचालको को देते है तो आने वाले समय में इमरजेंसी सेवा की स्थिति में सुधार हो जाएगा नहीं तो जिस तरह से पेट्रोल पंप संचालित हो रहे हैं उसे यह प्रतीत होता है कि कहीं ना कहीं भविष्य में किसान और आम नागरिक सहित इमरजेंसी सेवाओं के लिए भी पेट्रोल के लिए दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है।



## कुरई घाट में पलटे ट्रक व कंटेनर

**सिवनी नवभारत।** राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर कुरई घाट में सोमवार सुबह करीब 11 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। कबाड़ से भरे एक ट्रक की बाड़ी अचानक वाहन के ढांचे से अलग होकर सामने से आ रहे कंटेनर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कंटेनर अनियंत्रित होकर पलट गया, जबकि ट्रक भी संतुलन बिगड़ने से सड़क पर पलट गया।

कुरई थाना के उपनिरीक्षक शैलेंद्र डोंगरे ने बताया कि जबलपुर से नागपुर की ओर जा रहा कबाड़ से भरा ट्रक क्रमांक एमपी 19 एचए 4897 कुरई घाट से गुजर रहा था। इसी दौरान ट्रक की बाड़ी वाहन के ढांचे से अलग होकर सामने से नागपुर से जबलपुर जा रहे कंटेनर क्रमांक एचआर 38 जेड 9286 से टकरा गई। हादसे के बाद दोनों वाहन सड़क पर पलट गए।

दुर्घटना के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही कुरई पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात सुचारु हो सका। हादसे में ट्रक चालक के पैर में चोट आई है। उसे उपचार के लिए कुरई उप स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एक नजर में




## जनकल्याण शिविर में पहले दिन 40 आवेदन जमा हुए

छपारा। जिला कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार शासन की योजनाएं को आम नागरिकों से सुलभता के साथ जनहितकारी योजनाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराए जाने जनकल्याण शिविर नगर के जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में 15 जून से 17 जून तक तीन दिवसीय शिविर आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें राजस्व सेवाएं, समाजिक सुरक्षा एवं पेंशन योजनाएं, कृषि एवं किसान योजनाएं, स्वास्थ्य सेवाएं, महिला एवं बाल विकास योजनाएं, श्रम एवं खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं की जानकारी एवं लाभ दिए जाने को लेकर शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रथम दिवस कुल 40 आवेदन कर्ताओं ने अपने आवेदन पत्र जमा किए वहीं आगामी दो और दिनों तक यह शिविर सुबह दस बजे से दोपहर चार बजे तक आयोजित किया जाएगा जिसमें प्रशासन की ओर से अपील की गई है कि अधिक से अधिक पात्र हितग्राही एक ही स्थान पर प्रशासन की ओर से आयोजित शिविर में योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें एवं लाभान्वित भी हों।

## वीरेंद्र डेहरिया बने अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष



सिवनी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति एवं भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार जी द्वारा सिवनी जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी श्रीमती मीना बिसेन जी के अनुशंसा पर सिवनी नगर निवासी वीरेंद्र डेहरिया को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा का सिवनी जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है जिला कामकाजी बैठक के दौरान संभागीय प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी ,जिला प्रभारी एवं जबलपुर विधायक अशोक रोहाणी जिला अध्यक्ष श्रीमति मीना बिसेन जिले भाजपा जिला टोली द्वारा वीरेन्द्र डेहरिया को अनुसूचित जाति मोर्चा का सिवनी जिले का अध्यक्ष नियुक्त होने पर सामूहिक रूप से बधाई प्रेसित की गई की गई।

## स्नातक एवं स्नातकोत्तर की परीक्षा आज से

सिवनी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में संचालित भोज आध्यायन केंद्र 1522 में सत्र जून - जुलाई 2025-26 की स्नातक एवं स्नात्कोत्तर की परीक्षा 16 जून 2026 से प्रारंभ होने जा रही है जिसमे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विज्ञान, कला, एवं वणिज्य आदि भिन्न भिन्न विषयों में पंजीकृत विद्यार्थी परीक्षा देंगेद्य प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में भोज मुक्त विश्वविद्यालय के आध्यायन केंद्र क्रमांक 1522 की संयोजक डॉ श्रुति अवस्थी ने बताया कि सभी संबंधित विद्यार्थी परीक्षा से संबंधित जानकारी हेतु PMCOE सिवनी भोज केंद्र 1522 से संपर्क कर सकते है। प्रत्येक विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र ऑनलाईन प्राप्त कर सकते है जिसके साथ पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड या कोई शासन द्वारा जरी परिचय पत्र एवं पासपोर्ट साइ? एक रंगीन फोटो लानी अनिवार्य होगी ताकि किसी भी अवांछित स्तिथि से बचा जा सके साथ ही परीक्षा क्षेत्र में मोबाइल डिजिटल घडी आदि सामग्री लेकर आने की भी मनाही है। यह परीक्षा केवल वे ही विद्यार्थी देगे। अधिक जानकारी हेतु ऑफिशियल वेबसाइट https://mpbou. mponline.gov.in पर जाकर देखा सकते है।

## डीएसओ देवेंद्र सिंह खोबरिया का तबादला

सिवनी। राज्य शासन ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए सिवनी जिले के लिए नए जिला आपूर्ति अधिकारी (डीएसओ) की पदस्थापना की है। आदेश के अनुसार देवेंद्र सिंह खोबरिया का स्थानांतरण नरसिंहपुर से सिवनी किया गया है। वे शीघ्र ही जिले में पदभार ग्रहण करेंगे। प्रदेश स्तर पर जारी स्थानांतरण आदेश में कई जिला आपूर्ति अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इसी क्रम में सिवनी जिले में भी प्रशासनिक बदलाव हुआ है। नए डीएसओ के कार्यभार संभालने के बाद जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस), राशन वितरण व्यवस्था और खाद्यान्न प्रबंधन से जुड़े कार्यों में अधिक पारदर्शिता और गति आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## सक्रिय हुआ जिला बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष, 24 घंटे मिलेगी सहायता

**सिवनी नवभारत।** आगामी मानसून सत्र के दौरान संभावित अतिवर्षा एवं बाढ़ की परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। सचिव गृह एवं समन्वयक, मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर कार्यालय स्थित जिला कॉल सेंटर एवं कंट्रोल कमांड सेंटर (डीसीसीसी) कार्यालय में 15 जून से 30 अक्टूबर तक जिला बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष संचालित रहेगा। नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे कार्यरत रहेगा तथा जिले में अतिवर्षा, बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदा संबंधी सूचनाओं का संकलन, त्वरित आदान-प्रदान एवं आवश्यक राहत एवं बचाव कार्यों के समन्वय का कार्य करेगा। जिला प्रशासन द्वारा श्री सुरेश कुमार राय, तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन, जिला सिवनी को जिला बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं घनश्याम मर्सकोले, अनुरेखक, तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय को सहायक प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

नियंत्रण कक्ष का कार्यालयीन दूरभाष क्रमांक 07692-225866 निर्धारित किया गया है। प्रभारी अधिकारी सुरेश राय 9406785454 व सहायक प्रभारी अधिकारी घनश्याम मर्सकोले से मोबाइल नंबर 9301662708 पर संपर्क किया जा सकता है। जिले में स्थापित वर्षा मापक केन्द्रों से प्राप्त दैनिक वर्षा आंकड़ों का संकलन कर नियमित रूप से निदेशक मौसम केन्द्र, भोपाल को प्रेषित किया जाएगा, जिससे मौसम संबंधी परिस्थितियों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि अतिवर्षा, जलभराव अथवा बाढ़ जैसी किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल जिला बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष को दें।

## आज से खुलेंगे स्कूल, लेकिन बरबसपुर के बच्चों को नहीं मिला विद्यालय!

**छह महीने बाद भी अधूरा पड़ा प्राथमिक शाला भवन, आखिर बच्चों के भविष्य की जिम्मेदारी कौन लेगा?**

**उगली नवभारत।** सिवनी जिले की जनपद पंचायत केवलारी अंतर्गत उप तहसील उगली के ग्राम पंचायत खुरसुरा के अंतर्गत आने वाले बरबसपुर में शिक्षा व्यवस्था की हकीकत एक बार फिर सवालों के घेरे में है। 16 जून से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने जा रहा है, लेकिन जिन बच्चों के लिए नया विद्यालय भवन तैयार किया जाना था, वे आज भी अधूरे निर्माण कार्य का इंतजार कर रहे हैं। लगभग छह महीने पहले शुरू हुआ शासकीय प्राथमिक शाला बरबसपुर का नवीन भवन निर्माण कार्य आज तक पूरा नहीं हो पाया है। स्थिति यह है कि भवन का लेटर (छत) स्तर का कार्य भी अधूरा पड़ा हुआ है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब स्कूल खुल जाएंगे तो आखिर बच्चों की पढ़ाई किस व्यवस्था के भरोसे संचालित होगी?




### समय पर नहीं हुआ निर्माण

शिक्षा को विकास की पहली सीढ़ी कहा जाता है, लेकिन बरबसपुर में शिक्षा से जुड़े बुनियादी ढांचे की यही तस्वीर कई गंभीर प्रश्न खड़े करती है। करोड़ों योजनाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के दावों के बीच गांव के छोटे-छोटे बच्चे अब भी एक पूर्ण विद्यालय भवन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। आखिर जिस भवन का निर्माण समय पर पूरा होना चाहिए था, वह आज तक अधूरा क्यों है? इसकी जवाबदेही कौन तय करेगा? ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय भवन निर्माण कार्य लंबे समय से सुस्त गति से चलता रहा और बीच-बीच में पूरी तरह थम भी गया। यदि समय रहते निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी जाती तो नए सत्र से पहले बच्चों को नया भवन मिल सकता था। लेकिन अब स्कूल खुलने की तारीख सामने है और निर्माण कार्य अब भी अधूरा है।

यह केवल ईंट, सीमेंट और सरिया का मामला नहीं है, बल्कि गांव के बच्चों के भविष्य से जुड़ा विषय है। सरकारी स्तर पर शिक्षा सुधार और सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात कुछ और ही कहानी बयां कर रहे हैं। सवाल यह भी है कि यदि शिक्षा से जुड़े निर्माण कार्य ही समय पर पूरे नहीं हो पाएंगे तो ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण कैसे उपलब्ध कराया जाएगा? बरबसपुर के अभिभावकों में चिंता बढ़ती जा रही है। उन्हें डर है कि कहीं एक बार फिर बच्चों को अस्थायी और असुविधाजनक व्यवस्थाओं के बीच पढ़ाई करने के लिए मजबूर न होना पड़े। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों के भविष्य से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जानी चाहिए। अब निगाहें संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी पर टिकी हैं। 16 जून से स्कूल खुलने जा रहे हैं, लेकिन बरबसपुर के बच्चों का नया विद्यालय अब भी अधूरा खड़ा है। ऐसे में यह सवाल गूंज रहा है कि आखिर बच्चों के सपनों की यह इमारत कब पूरी होगी और इसके लिए जिम्मेदार कौन होगा?

## भाजपा की प्रबुद्धजन संगोष्ठी 17 को जिला कार्यालय में

**सिवनी नवभारत।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 जून को जिला भाजपा कार्यालय सिवनी में प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष मीना बिसेन, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं बरघाट विधायक कमल मर्सकोले की विशेष उपस्थिति रहेगी।

संगोष्ठी में सांसद-विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, पूर्व सांसद एवं विधायक, पूर्व जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं प्रभारी, विभिन्न मोर्चों के जिलाध्यक्ष, प्रकोष्ठ जिला संयोजक, नगर पालिका एवं नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षद, जनपद पंचायत प्रतिनिधियों सहित विभिन्न मंडलों के प्रबुद्धजन आमंत्रित किए गए हैं। कार्यक्रम में शिक्षक, व्यापारी, उन्नत कृषक, समाज प्रमुख, समाजसेवी, अधिवक्ता एवं चिकित्सक वर्ग के लोगों की विशेष सहभागिता रहेगी।

## न सचिव का पता, न सरपंच की सुध, ग्रामीण परेशान

**ग्राम पंचायत खैरी में प्रशासनिक व्यवस्था ठप**

**सिवनी नवभारत।** जनपद पंचायत सिवनी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खैरी में इन दिनों ग्रामीण भारी अव्यवस्था और प्रशासनिक अनदेखी का शिकार हो रहे हैं। आलम यह है कि पंचायत में ताला लटका रहता है, जिससे ग्रामीणों के बुनियादी और जरूरी काम पूरी तरह से ठप हो गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उन्हें अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए कई दिनों तक पंचायत के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, लेकिन मौके पर न तो सरपंच मिलते हैं और न ही सचिव का कोई पता रहता है।

### काम काज पूरी तरह ठप, चक्कर काट रहे ग्रामीण

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत खैरी में जिम्मेदार पदाधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण ताला लटकना आम बात हो गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, पेंशन योजनाएं और मजदूरी भुगतान जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए लोग परेशान हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कृषि कार्य का सीजन होने के बावजूद उन्हें अपने जरूरी दस्तावेजों के सत्यापन के लिए जनपद कार्यालय तक की दौड़ लगानी पड़ रही है।




### जिम्मेदारों की लापरवाही से आक्रोश

ग्रामीणों का कहना है हम अपनी समस्याओं को लेकर जब भी पंचायत भवन आते हैं, तो वहां ताला लटका मिलता है। सरपंच और सचिव के फोन या तो बंद आते हैं या वे संतोषजनक जवाब नहीं देते। ऐसा लगता है कि पंचायत भगवान भरोसे चल रही है। इस प्रशासनिक लापरवाही के कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों ने जनपद पंचायत के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाए और ग्राम पंचायत खैरी में नियमित रूप से ताला खुलने व सरपंच-सचिव की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए।

### अधिकारियों से कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पंचायत की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ और ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया, तो वे जनपद मुख्यालय का घेराव करने के लिए मजबूर होंगे। अब देखना यह है कि इस गंभीर लापरवाही पर जनपद पंचायत सिवनी के उच्च अधिकारी क्या एक्शन लेते हैं।



## मेधावी बच्चे उच्च पद प्राप्त कर देश सेवा करें : दिनेश राय

सिवनी नवभारत। मेधावी बच्चे उच्च पदों को प्राप्त कर देश सेवा करें। आपने जो अपनी कढी मेहनत से सफलता प्राप्त की है उसे आगे बढाए अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जी-जान से जुटे रहे उक्ताशय के विचार दिनेश राय मुनमुन विधायक सिवनी द्वारा कलचुरी फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रज्ञा सम्मान समारोह के अवसर पर व्यक्त किए गए। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे मेधावी बच्चे न केवल अपने परिवार की बल्कि समाज और देश की पूंजी होते हैं।

इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल (आईपीएस) में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम कलचुरी आराध्य भगवान सहत्रबाहु एवं विद्या की देवी मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत् पश्चात डॉ गजेन्द्र डहरवाल द्वारा प्रज्ञा सम्मान समारोह की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विगत वर्ष कलचुरी समाज की सिंगरोली निवासी मेधावी बेटी प्रज्ञा जैसवाल जिन्होंने कक्षा दसवीं में 500 में से 500 अंक प्राप्त कर प्रदेश में अपने परिवार एवं समाज का नाम रोशन किया था उनके ही नाम से कलचुरी समाज के मेधावी बच्चों को प्रतिवर्ष यह सम्मान दिया जाना तय हुआ है । इस सम्मान समारोह में इस सत्र की

कक्षा 10वीं के 31 एवं कक्षा 12वीं के 18 बच्चों को प्रशस्ति-पत्र व मेडल द्वारा सम्मानित किया गया।

समारोह में डॉ शुभम शिवहरे एवं डॉ श्रीमती आयुशी शिवहरे ने बच्चों को मेडीकल क्षेत्र मे जाने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स देते हुए बताया कि किस तरह आप एमबीबीएस एक्जाम की तैयारी कर सकते है। सफल होने के लिए समय एवं धैर्य रखना जरूरी है।

आईपीएस स्कूल के संचालक जितेंद्र चौकसे द्वारा उपस्थित बच्चों एवं अभिभावकों को मेडीकल, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, सीए,प्रशासनिक सेवा, आर्मी आदि क्षेत्रों में जाने के लिए की जाने वाली तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में प्रदीप राय संभागीय अध्यक्ष कलार समाज , जिलाअध्यक्ष किसान मोर्चा एवं श्री जवाहर लाल राय राष्ट्पति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक ने भी बच्चों को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में श्रीमती मुक्ता जायसवाल, संगीता (गोलू) राय, टी एस राय एवं समाज के अनेक वरिष्ठ जनों के साथ बच्चों के अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे । अंतमें कलचुरी फाउंडेशन द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

**सम्मेलन** | समाज को एक सूत्र में पिरोने वाले ऐसे आयोजन समय की आवश्यकता हैं : विधायक

# अखंड भारतीय कुशवाहा महासभा के सामाजिक सम्मेलन का समापन

**सिवनी नवभारत।** अखंड भारतीय कुशवाहा महासभा भारत, जिला सिवनी के तत्वावधान में 14 जून को 151, राशि लॉन, वृंदावन होटल के सामने, टिकोना पार्क, सिवनी में प्रात: 11.00 बजे से सायं 7.00 बजे तक आयोजित ऐतिहासिक कुशवाहा सामाजिक सम्मेलन 2026 अभूतपूर्व सफलता के साथ सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में मध्यप्रदेश सहित महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान एवं गुजरात से आए समाजबंधुओं तथा स्थानीय नागरिकों सहित लगभग 1000 से



अधिक लोगों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से किया गया। तत्पश्चात संगठन के मूल मंत्र एक झंडा, एक गीत, एक पहचान के अंतर्गत अखंड भारत का संगठन गीत सामूहिक रूप से गाया गया। गीत के ओजस्वी स्वर ने




उपस्थित जनसमुदाय में सामाजिक एकता, संगठन, राष्ट्रभक्ति, शौर्य और स्वाभिमान की भावना का संचार कर दिया। इसके उपरांत भगवान कुश, भगवान गौतम बुद्ध तथा समाज के महापुरुषों का श्रद्धा, सम्मान एवं गरिमा के साथ पूजन-अर्चन किया गया। सम्मेलन की विशेष उपलब्धि रही कि सिवनी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपनी उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने अपने उद्बोधन में अखंड भारतीय कुशवाहा महासभा भारत द्वारा किए जा रहे सामाजिक जागरण, संगठन निर्माण एवं समाज सशक्तिकरण के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि समाज को एक सूत्र में पिरोने वाले ऐसे आयोजन समय की आवश्यकता हैं और समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे। विधायक श्री राय ने आयोजन समिति को शुभकामनाएँ देते हुए समाज को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक आयोजन बताया।

## सोसाइटी में डबल लॉक केंद्र खोला जावे : भाकपा

सिवनी। कुरई तहसील के ग्राम पंचायत मोहगांव सड़क की सोसाइटी डबल लॉक केंद्र नहीं होने से आसपास के और कुरई के किसानों को बहुत परेशानी हो रही है जिसका हल शीघ्र निकालना चाहिए कुरई ब्लॉक में डबल लॉक केंद्र नहीं होने से क्षेत्र के अलावा बंडोल गंगेरवास शिवनी के किसान खाद लेने के लिए मोहगांव आकर वापस जाते हैं इसी तरह परमिट का लिमिट का बंधन समाप्त होना चाहिए यहां पर एनपी के खाद की भरमार मात्र है इसी तरह खाद लेने के लिए क्षेत्र का बंधन नहीं होना चाहिए एक और खाद की समस्या है दूसरी ओर मोहगांव सोसाइटी में खुले आसमान में बरसते पानी में खाद खराब हो रहा है यदि क्षेत्र में डबल लाक केंद्र बैंड जाता है तो किसानों की समस्या दूर हो सकती है। अखिल भारतीय किसान सभा ने मोहगांव सड़क में डबल लॉक केंद्र तत्काल खोलने की मांग की है।